# लखनऊ में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का मिलिंग टेक्नोलाजी संस्थान

**05 एकड़ में बनाया जाएगा यूपी रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के सहयोग से खुलेगा संस्थान**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ** : प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कुशल मानव संसाधन उपलब्ध कराने की कड़ी में लखनऊ में अंतरराष्ट्रीय स्तर का मिलिंग टेक्नोलाजी संस्थान शुरू किया जाएगा। इंटरनेशनल स्कूल आफ मिलिंग टेक्नोलाजी (आइएसएमटी) करीब पांच एकड़ में बनेगा। इसका शिलान्यास अगले माह होगा। संस्थान में आटा सहित सभी मोटे अनाज के प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीक के विकास पर कार्य करने के साथ बड़े पैमाने पर युवाओं को मिलिंग क्षेत्र के लिए तैयार किया जाएगा। देश में अभी सिर्फ एक मिलिंग टेक्नोलाजी संस्थान मैसूर (केंद्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान) में है। खाद्य प्रसंस्करण निदेशक डा. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मिलिंग टेक्नोलाजी संस्थान के लिए उद्यान विभाग लखनऊ के अलीगंज में जमीन मुहैया करा रहा है, जबकि इसका निर्माण व संचालन यूपी रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन करेगी। यूपी रोलर फ्लोर मिलर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद वैश्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश में ही 300 से अधिक फ्लोर मिल हैं। यह सेक्टर करीब 30 हजार लोगों को रोजगार देता है। फ्लोर मिलों के लिए कुशल मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए मिलिंग टेक्नोलाजी संस्थान की स्थापना की जा रही है। मैसूर के बाद यूपी में खुलने वाला यह संस्थान देश भर की फ्लोर मिलों के लिए तकनीकी रूप से दक्ष लोगों की टीम तैयार करने में मददगार होगा।